# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 23.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार का आश्वासन–देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति 100 प्रतिशत बरकरार, जमाखोरी के खिलाफ 37 हजार छापे।
2. असम विधानसभा चुनाव के लिए झामुमो ने 21 सीटों पर उतारे उम्मीदवार, कांग्रेस से अलग होकर अकेले चुनाव लड़ेगी पार्टी।
3. गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को ब्रिक्स चैंबर ऑफ कामर्स ने किया सम्मानित, महिला सशक्तीकरण के लिए मिला प्रतिष्ठित वुमेन एम्पायरमेंट ट्रेलब्लेज़र्स अवार्ड।
4. सरायकेला में भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी की बड़ी कार्रवाई, एलआरडीसी कार्यालय से 5 लाख रिश्वत लेते कर्मी और बिचौलिया गिरफ्तार।
5. विश्व मौसम दिवस पर रांची मौसम केंद्र में आज का अवलोकन, कल की सुरक्षा थीम पर आयोजित हुआ कार्यक्रम, छात्रों ने सीखीं मौसम की बारीकियां।

*****************

केंद्र सरकार ने देश में ईंधन की निर्बाध आपूर्ति का भरोसा दिया है। नई दिल्ली में आयोजित ब्रीफिंग में पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति शत–प्रतिशत बनी हुई है। कालाबाजारी रोकने के लिए अब तक 37 हजार छापे मारे गए हैं और 150 गिरफ्तारियां हुई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्यों के पास वाणिज्यिक एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

*****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्र निर्माण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि श्री मोदी मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में 8 हजार 9 सौ 31 दिन पूरे करके देश में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित सरकार के प्रमुख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है और वे राष्ट्रप्रेमी और जनसेवक हैं।

*****************

असम विधानसभा चुनाव के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। कांग्रेस के साथ गठबंधन की बातचीत विफल होने के बाद, झामुमो ने अब अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने आधिकारिक सूची जारी करते हुए चुनावी बिगुल फूंक दिया है।

*****************

हजारीबाग में आज उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय मुखिया उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें हजारीबाग, रामगढ़ और बोकारो समेत सात जिलों के मुखिया शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे ने पंचायतों को गांव की सरकार बताते हुए कहा कि 15वें वित्त आयोग के तहत जल्द ही लगभग 165 करोड़ रुपये मुखियाओं के खातों में भेजे जाएंगे। उन्होंने मुखियाओं का आह्वान किया कि विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचायें।

*****************

गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को नई दिल्ली में वुमेन एम्पायरमेंट ट्रेलब्लेज़र्स अंर्राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया है। ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित समिट में उन्हें यह सम्मान महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने यह पुरस्कार झारखंड की महिलाओं को समर्पित करते हुए कहा कि राज्य में महिलाएं अब केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि बदलाव की नायिका बन रही हैं।

*****************

दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने आज टाटानगर में बहु–विषयक मंडल प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर रेलवे और एक्सएलआरआई  के बीच कर्मचारियों के कौशल विकास के

लिए एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। उन्होंने सीनी का भी दौरा किया, जहां क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान में नए मॉडल रूम का उद्घाटन किया।

*****************

झारखंड के सरकारी अस्पतालों में आईसीयू सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए आज रांची में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कॉन्फ्रेन्स में विशेषज्ञों ने गहन चिकित्सा सेवाओं की बेहतर डिलीवरी के लिए नई गाइडलाइन्स और कार्ययोजना पर चर्चा की। एनएचएम के परियोजना निदेशक शशि प्रकाश झा ने बताया कि राज्य में आईसीयू बेड की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार और हाईकोर्ट लगातार निगरानी कर रहे हैं।

*****************

राज्य के परिवहन सचिव राजीव रंजन ने आज लोहरदगा का दौरा किया और मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की जमीनी हकीकत जानी। उन्होंने लोहरदगा से मुर्मू ग्राम तक बस में स्वयं सफर कर यात्रियों से बातचीत की। सचिव ने बताया कि राज्य में 172 बसें इस योजना के तहत चल रही हैं, जिनका भुगतान जीपीएस ट्रैकिंग के आधार पर किया जा रहा है।

*****************

सरायकेला में भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी ने बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी ने भूमि सुधार उपसमाहर्ता यानी एलआरडीसी कार्यालय में छापेमारी कर एक सरकारी कर्मी और एक दलाल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को पांच लाख रुपये की भारी रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया है।

*****************

चतरा में आज सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम कार्यालय द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्रदर्शनी सह व्यापार मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्थानीय विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि यह योजना हस्तशिल्पियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। एमएसएमई रांची के सहायक निदेशक सुरेन्द्र शर्मा ने कारीगरों को प्रशिक्षण और पूंजी से जुड़कर अपने हुनर को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया।

*****************

आज पूरा देश अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को उनके शहादत दिवस पर नमन कर रहा है। झारखंड की राजधानी रांची के हरमू स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहाँ भारी संख्या में लोगों ने वीर सपूतों को पुष्प अर्पित किए। साहिबगंज, लोहरदगा और सिमडेगा सहित राज्य के विभिन्न जिलों में मेरा युवा भारत द्वारा पदयात्रा और संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। स्कूलों और कॉलेजों में युवाओं ने शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया।

*****************

राज्य में मौसम का मिजाज फिर बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार, 26 मार्च से राज्य के दक्षिणी हिस्सों में मेघ गर्जन के साथ बारिश के आसार हैं। वहीं 27 और 28 मार्च को तेज हवा और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। हालांकि फिलहाल तापमान में 5 से 6 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी का अनुमान व्यक्त किया गया है।

*****************

रांची मौसम केंद्र में आज विश्व मौसम दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। आज का अवलोकन, कल की सुरक्षा थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में हिनू स्थित कार्यालय आम जनता और विद्यार्थियों के लिए दिनभर खुला रहा। विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 120 से अधिक आगंतुकों ने मौसम पूर्वानुमान की तकनीकों और आधुनिक उपकरणों की जानकारी ली।

*****************

28वीं सब जूनियर नेशनल सेपक टकरा चैंपियनशिप आज से 27 मार्च तक रांची स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश भर के लगभग 30 राज्यों के 700 से अधिक जूनियर खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

*******समाप्त********